प्रवासी भारतीय (N.R.I.) अनुभाग
सं० 182 /93-20
लखनऊ, दिनांक 17/6/2020

महत्वपूर्ण

संख्या–1441 / 41–2020

प्रेषक,

शिव पाल सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग

लखनऊः दिनाँकः 16 जून, 2020

विषयः–प्रवासी भारतीय विभाग (एन.आर.आई.) की निर्माणाधीन वेबसाइट / पोर्टल nri.up.gov.in में विभिन्न विभागों की निवेश परक नीतियों / शासनादेशों आदि को समावेश कर विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के आर्थिक एवं तकनीकी विकास में सहयोग / पूॅजी निवेश के लिए प्रेरित करने की कार्य योजना के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रवासी भारतीय विभाग (एन.आर.आई.) की निर्माणाधीन वेबसाइट / पोर्टल nri.up.gov.in में विभिन्न विभागों की निवेश परक नीतियों / शासनादेशों आदि को समावेश कर विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के आर्थिक एवं तकनीकी विकास में सहयोग / पूॅजी निवेश के लिए प्रेरित करने की कार्य योजना के सम्बन्ध में सम्पन्न बैठक दिनांक 09.06.2020 विषयक प्रवासी भारतीय अनुभाग के पत्र संख्या–158 / 93–20–17 एन.आर.आई. (मीटिंग) / 2017, दिनांक 05 जून, 2020 की संलग्नकों सहित संलग्न छायाप्रति का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया निम्नलिखित कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराने का कष्ट करें :–

1– प्रवासी भारतीय विभाग के स्तर पर निर्माणाधीन वेबसाइट / पोर्टल nri.up.gov.in में विभिन्न विभागों की निवेश परक नीतियों / शासनादेशों आदि को समावेश कर विदेशों में बसे प्रवासी भारतीयों को प्रदेश के आर्थिक एवं तकनीकी विकास में सहयोग / पूॅजी निवेश के लिए प्रेरित करने हेतु विभागों की वेबसाइट को इस वेबसाइट से लिंक किया जायेगा। इस लिए पर्यटन विभाग द्वारा संचालित अपनी वेबसाइट को अपडेट किया जाय तथा विभागीय वेबसाइट को प्रवासी भारतीय विभाग (एन.आर.आई.) की वेबसाइट से लिंक कराया जाय, जिससे प्रवासी भारतीयों / विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने वाली संचालित कार्यक्रम / योजनाओं को इस वेबसाइट पर लाइव देखा जा सके।

2– पर्यटन विभाग के द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव तथा मथुरा में रंगोत्सव का आयोजन बड़े पैमाने में किया जाता है। इन कार्यक्रमों को बड़ी संख्या में देशी / विदेशी पर्यटकों द्वारा भी देखा जाता है। इन कार्यक्रमों को एन.आर.आई. की वेबसाइट से भी लिंक कराया जाय, ताकि प्रवासी भारतीय एवं विदेशी पर्यटक एन कार्यक्रमों को लाइव देख सके।

Brijesh Letter.

3– पर्यटन विभाग के द्वारा डिस्कवर योर रूट योजना का संचालन किया जा रहा है। प्रवासी भारतीयों को अपने पूर्वजों के बारे में जानने के लिए यह महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना को काफी दिनों से अपडेट नहीं किया गया है। प्रवासी भारतीयों को आकर्षित करने के लिए इस योजना को अपडेट करते हुए एन.आर.आई. विभाग की वेबसाइट से लिंक किया जाय।

4– इस कार्य हेतु श्रीमती कीर्ति, क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी (मुख्यालय), पर्यटन निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है, उनके द्वारा उक्त कार्यों में प्रवासी भारतीय अनुभाग, उ0प्र0 शासन से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। नामित नोडल अधिकारी का मोबाइल नं0–9161825942 है।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(शिव पाल सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या–1441(1)/41–2020 तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
(2) उप सचिव, प्रवासी भारतीय (एन.आर.आई.) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
(3) संयुक्त निदेशक, पर्यटन, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
(4) श्रीमती कीर्ति, क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी (मुख्यालय), पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
(5) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ए0पी0 सिंह)
संयुक्त सचिव।

Brijesh Letter.